कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बरेली।

पत्रांक :– मु0चि0अ0 / एन0सी0डी0 / तबांकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2021–22 / 6686 दिनांक : 14.06.2021

1. मण्डलीय अपर निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक,
   जिला चिकित्सालय, बरेली।
2. जिला क्षय रोग अधिकारी, बरेली।
3. समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,
   सामु0 / प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र, बरेली।
4. प्रबन्धक राजश्री मेडिकल कालेज, बरेली।
5. प्रबन्धक श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कालेज, बरेली।
6. प्रबन्धक रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज, बरेली।

विषय :–**जनपद बरेली में एन0सी0डी0 कार्यक्रमों के साथ संचालित अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत काउंसलर एवं प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत काउंसलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक में आपको अवगत कराना है कि महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये उ0प्र0 लखनऊ की पत्रांक संख्या राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2020–21 / 8921 दिनांक 10.06.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जैसा कि आप अवगत ही है कि हमारे देश में तम्बाकू उत्पादों के उपयोग के कारण हर वर्ष 13 लाख लोगों की मौत हो जाती है। प्रदेश में लगभग 35.5 लोग किसी न किसी रुप में तम्बाकू का सेवन करते है, जिसमें बड़ी संख्या युवा वर्ग है, तम्बाकू सेवन से टीबी, व अन्य कई प्रकार के गैर संचारी रोगों के होने की सम्भावना बढ जाती है।

उक्त के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 का प्रभावी कियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत तम्बाकू उपभोग से होने वाली हानियों के प्रति जागरुक किये जाने, अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये जनजागरुकता प्रशिक्षण इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

जैसा कि विगत 31 मई, 2021 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का "Commit to Quit" कैम्पेन के रुप में मनाया जा रहा है, जिसमें जनमानस को तम्बाकू छोडने एवं तम्बाकू छोडने हेतु शपथ दिलाये जाने के साथ ही प्रदेश में फैली कोरोना महामारी के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान एवं थूकने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में जागरुक किया जाना है।

उक्त के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ जिला चिकित्सालय / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर स्थापित कोविड हेल्प डेस्क, तम्बाकू उन्मूलन केन्द्र, एन.सी.डी. क्लीनिक, मनकक्ष, टी.बी. क्लीनिक व अन्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर तथा प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत काउन्सलर द्वारा रुटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाते हुए सूचना जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बरेली।
तद्दिनांक

पत्रांक :– मु0चि0अ0 / एन0सी0डी0 / तबांकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2021–22

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, लखनऊ।
2. उपमहाप्रबन्धक, एन0सी0डी0, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, लखनऊ।
3. राज्य नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0, उ0प्र0 स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बरेली मण्डल बरेली।
5. जिला नोडल अधिकारी एन0सी0डी0, बरेली।
6. मण्डलीय / जिला कार्यकम प्रबन्धक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बरेली।
7. अधिशासी निदेशक, उ0प्र0 वॉलण्टरी हेल्थ एसोसिएशन, लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बरेली।